तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

जय प्रकाश हरवानी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)

सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353719463770751

20/06/25

अपीलार्थी जय प्रकाश हरवानी निवासी मकान न. जे–157 पार्श्वनाथ सिटी सांगरिया पाल बाय पास रोड जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 12.04.2025 को पारर्वनाथ सिटी निजी आवासीय योजना में जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नियमन हेतु विकास शुल्क 1,95,70,625 रूपये लीज राशि 41,50,382/–रूपये राशि वसूल की गई थी। विकासकास शुल्क 1,95,70,625/रूपये लिए गये है जिसकी मय प्रमाण सूचना एवं अन्य विन्दुओ से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 611 दिनांक 18.06.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर से संबंधित होने के फलस्वरूप प्रार्थी का आवेदन पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत अतरित की गई, जिसकी प्रति प्रार्थी को भी पृष्ठाकिंत की गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अत. लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.06.20 17:42:41 IST
Reason: Approved